# 26. विज्ञापन-लेखन

विज्ञापन का अर्थ होता है– जानकारी देना। वर्तमान समय में उत्पादक अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए विज्ञापनों का सहारा लेते हैं। किसी उत्पाद को बेचने या किसी विषय के प्रति जन–जागरूकता फैलाने के लिए लिखे गए विषय को विज्ञापन–लेखन कहते हैं। ये आकर्षक चित्रों से सुसज्जित होते हैं।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को विज्ञापन–लेखन के बारे में समझाएँ।
- विज्ञापन–लेखन की परिभाषा से अवगत करवाएँ।
- इन्हें लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातों के बारे में बताएँ।
- विज्ञापन के विभिन्न माध्यमों से परिचित करवाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए गए उदाहरणों को पढ़वाएँ तथा साथ–साथ में समझाते जाएँ।
- प्रत्येक छात्र पर ध्यान दें कि वह विषय सही प्रकार से समझ गया है।
- श्यामपट्ट पर आकर्षक विज्ञापन लिखकर दिखाएँ।
- छात्रों से इनका अभ्यास करवाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिया गया अभ्यास करवाएँ एवं यथासंभव सहायता करें।